संपादकीय

शेख हसीना की भारत यात्रा

भारत के लिए संतोष की बात है कि जिस समय पास-पड़ोस के देशों में भारत बहुत प्रभाव नहीं डाल पा रहा है, उस समय बांग्लादेश ने मित्रता के अपने रुख को दोहराया है।

अपने देश में प्रतिकूल माहौल को नजरअंदाज करते हुए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद ने भारत की सरकारी यात्रा की, इसे उनका एक साहसिक कदम कहा जाएगा। शेख हसीना को इस बात का अंदाजा जरूर रहा होगा कि इस यात्रा के बाद देश में उनके विरोधियों को उन पर हमला बोलने का नया मुद्दा मिल सकता है। यात्रा को जो परिणाम सामने है, उससे ये आशंका सच होने की गुंजाइश बन गई है। 1975 में शेख मुजीब की हत्या के बाद से भारत-बांग्लादेश रिश्तों में एक खास पहलू बांग्लादेश में धीरे-धीरे फैलती गई भारत विरोधी भावना का रहा है। स्पष्टत: निहित स्वार्थी मजहबी कट्टरपंथी तत्वों ने इस भावना को हवा दी है। इसलिए बांग्लादेश की सरकारों के सामने अक्सर यह जवाब देने की स्थिति रही है कि भारत सरकार से उनके संबंध और संपर्क में बांग्लादेश को क्या हासिल हुआ है। वरना, प्रधानमंत्रियों पर भारत के आगे घुटने टेकने का इल्जाम लगे हैं। हाल में भारत में बने सांप्रदायिक माहौल से उन तत्वों की मुहिम को और बल प्राप्त हुआ है। इस बार शेख हसीना की यात्रा में तीस्ता नदी के जल बंटवारे के मुद्दे पर बांग्लादेश में काफी शोर रहा। शेख हसीना नई दिल्ली में हालांकि कुशियारा नदी का 153 क्यूसेक अधिक पानी बांग्लादेश को दिलवाने का करार करने में सफल रहीं, लेकिन तीस्ता का मसला जहां का तहां लटका रह गया है। तो बांग्लादेश के जमात-ए-इस्लामी सहित कट्टरपंथी समूहों ने ये गोला दाग दिया है कि आखिर शेख हसीना क्यों भारत गईं। उन पर भारत सरकार के आगे घुटने टेकने के इल्जाम भी लगाए गए हैं। इधर चीन के बारे में नई दिल्ली में जिस तरह शेख हसीना ने जो कुछ कहा, साफ है वह भारत की अपेक्षाओं के मुताबिक नहीं है। बाकी हुए समझौतों से दोनों देशों को चाहे जो लाभ हो, जन धारणाओं को ढालने में उससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। फिर भी भारत के लिए यह जरूर संतोष की बात है कि जिस समय पास-पड़ोस के देशों में भारत बहुत प्रभाव नहीं डाल पा रहा है, उस समय बांग्लादेश सरकार ने न्यूनतम मित्रता के अपने रुख को दोहराया है। इसके बावजूद वहां चीन की बढ़ रही पैठ पर भारत सरकार को अवश्य कड़ी नजर रखनी होगी।

भारत मुक्त, खुले समावेशी भारत-प्रशांत क्षेत्र के लिये प्रतिबद्ध : पीयूष गोयल

नई दिल्ली । वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका की अपनी वर्तमान यात्रा के दूसरे चरण में शुक्रवार को लॉस एंजेलिस में भारत-प्रशांत आर्थिक मंच (आईपीईएफ) की मंत्री स्तरीय बैठक में भाग लिया और भारत-प्रशांत क्षेत्र को खुला एवं समावेशी बनाने के प्रयासों को लेकर भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।

इस फोरम के गठन के बाद इसकी यह पहली पहली बैठक थी जिसमें मंत्री एक जगह एकत्रित थे। आईपीईएफ की बैठक से अलग श्री गोयल ने मीडिया से बात करते हुये कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर आईपीईएफ के प्रारूप के विभिन्न पक्षों पर निर्णय करेगा।

इस 14 सदस्यीय मंच का उद्घाटन इसी वर्ष 23 मई को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने किया था जिसका उद्देश्य एशिया प्रशांत क्षेत्र में निष्पक्ष व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला के सशक्तीकरण, अवसंरचना सुविधाओं के विकास, स्वच्छा ऊर्जा और कार्बनहरण तथा करचोरी और भ्रष्टाचार पर अंकुश-इन चार क्षेत्रों में सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

गोयल ने कहा कि आईपीईएफ के सदस्यों के साथ बहुत उपयोगी चर्चायें हुई। उन्होंने कहा कि सदस्य राष्ट्रों के अधिकारियों ने ऐसे लाभप्रद संवादों के लिये जमीन तैयार करने में बहुत मेहनत की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आईपीईएफ प्रारूप को अंतिम रूप दे देगा, जिसके तहत सदस्य राष्ट्र आपसी हितों के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत कर सकेंगे।

लॉस एंजेलिस में मंत्री स्तरीय बैठक से अलग श्री गोयल ने ऑस्ट्रेलिया के व्यापार मंत्री डॉन फैरल, अमेरिका की व्यापार मंत्री जिना रायमॉन्डो, जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्री यासूतोशी निशीमूरा, ब्रिटेन के व्यापार प्रतिनिधि दूत कैथरीन ताए और वियतनाम के उद्योग एवं व्यापार मंत्री एनगुयेन हांग ड्येन से मुलाकात की तथा आपसी हितों के क्षेत्रों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

मीडिया से बातचीत करते हुये गोयल ने अपने अमेरिकी समकक्ष से बैठक के विषय में बताया कि यह बैठक बहुत ही सौहार्दपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष अमेरिका और भारत के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिये सहमत हैं और स्थिति बेहतर होने से उत्साहित हैं।

बाजार तक सुगमता सम्बंधी मुद्दों पर एक प्रश्न के उत्तर में गोयल ने कहा भारत-अमेरिका व्यापार नीति मंच की बैठक जल्द होगी, जिसके दौरान हम अधिक और नये क्षेत्रों में संलग्नता पर गौर करेंगे।

गोयल ने समृद्धि के लिये भारत-प्रशांत आर्थिक प्रारूप की मंत्री स्तरीय बैठक में बताया कि भारत डिजिटल स्पेस में अति समकालीन और आधुनिक कानूनों का समर्थक है तथा यहां डाटा निजता की उच्चस्तरीय सुरक्षा है, खासतौर से हमारे नागरिकों के व्यक्तिगत आंकड़ों की। उन्होंने कहा कि इस भावना के तहत भारत अधिक मजबूत प्रारूप पर काम कर रहा है, जिसे जल्द संसद में पेश किया जायेगा।

वंदे भारत ने तोड़ा बुलेट ट्रेन का रिकॉर्ड, 52 सेकेंड में 100किमी की रफ्तार से पटरी पर दौड़ी

नई दिल्ली। तीसरी और नई वंदे भारत एक्सप्रेस ने ट्रायल रन के दौरान केवल 52 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की गति तक की रफ्तार पाकर बुलेट ट्रेनों का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी है।

इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि फोटोकैटलिटिक एयर प्यूरीफायर सिस्टम नई वंदे भारत ट्रेन को कोरोना सहित हवा से फैलने वाली तमाम बीमारियों से मुक्त रखेगा। आपको बता दें कि भारत की यह सेमी-हाई स्पीड ट्रेन अगले कुछ हफ्तों में अहमदाबाद-मुंबई रूट पर चलने के लिए तैयार है।

ट्रायल रन के परिणामों की घोषणा करते हुए रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन का तीसरा परीक्षण गुरुवार को पूरा हो गया। इसने 0-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार 52 सेकेंड में पूरी कर ली, जबकि बुलेट ट्रेन इस रफ्तार को हासिल करने में 54. 6 सेकेंड का समय लेती है। इस नई ट्रेन की अधिकतम गति 180 किमी प्रति घंटा है। पुराने वंदे भारत की अधिकतम गति 160 किमी प्रति घंटे है।

उन्होंने आगे कहा कि आरामदायक यात्रा के लिए इस ट्रेन में कई विशेषताएं हैं। गुणवत्ता और सवारी सूचकांक में सुधार हुआ है। इन मापदंडों पर ट्रेन का स्कोर 3. 2 है जबकि विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर 2. 9 है।

इन्फेंटिनो से चौबे, प्रभाकरन ने की मुलाकात

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे और महासचिव डॉ शाजी प्रभाकरन ने कतर की राजधानी दोहा में स्थित फीफा कार्यालय में फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो से मुलाकात की।

एआईएफएफ ने यहां जारी बयान में कहा कि चौबे और प्रभाकरन ने भारतीय फुटबॉल के भविष्य के विकास पर फीफा अध्यक्ष के साथ उत्साहजनक और रचनात्मक बैठक की।

बैठक में भारतीय फुटबॉल के विकास के प्रमुख पहलुओं और उन क्षेत्रों पर चर्चा की गयी जिन पर प्राथमिकता से ध्यान देने की आवश्यकता है। इन्फेंटिनो ने पुष्टि की कि वह निकट भविष्य में भारत का दौरा करेंगे। भारतीय फुटबॉल से संबंधित सभी संभावित उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं और कार्यक्रमों को फीफा अध्यक्ष की भारत यात्रा से पहले अंतिम रूप दिया जाएगा।

दिल्ली जयपुर के बीच देश के पहले इलेक्ट्रिक हाइवे के अंतिम चरण का परीक्षण ट्रायल

नई दिल्ली। नेशनल हाइवे फ़ॉर इलेक्ट्रिकल वहिक्ल (एनएचईवी) ने दिल्ली से जयपुर ई-हाइवे के लिए दूसरे और अंतिम फ़ेस के ट्रायल रन की शुरुआत की जिसमें 278 किलोमीटर पर इलेक्ट्रिक बस और कार को महीने भर के लिए लगे चार्जर और तकनीक के साथ परीक्षण किया जाएगा।

एनएचईवी के परियोजना निदेशक अभिजीत सिन्हा ने इंडिया गेट से ट्रायल रन को हरी झंडी दिखाते हुए कहा, दिल्ली से आगरा के पिछले 210 किलोमीटर के तकनीकी ट्रायल के बाद आज 278 किलोमीटर के इस कमर्शियल ट्रायल से देश के पहले 500 किलोमीटर के इलेक्ट्रिक हाइवे बनने का रास्ता साफ़ जो जाएगा। ट्रायल में प्रत्येक स्तर के भागीदारों के हितों को सुरक्षित किया जाता है जिसमें ईवी इस्तेमाल करने वले बसो और इलेक्ट्रिक कार के यात्री, स्टेशन और कैब सर्विस के आपरेटर, स्टेशन और इंफ़्रा के निवेशक तथा बैंक और राज्य एवं केंद्र सरकार प्रमुख है।

एनएचईवी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस पायलट परियोजना के अंतर्गत 500 किलोमीटर के पहले अंतर-राज्यीय इलेक्ट्रिक हाइवे का 210 किलो मीटर का पहला चरण दिल्ली से आगरा तक 2020-2021 में पूरा किया गया था जिसके परीक्षण की यात्रा दिल्ली के इंडिया गेट से शुरू हुई थी। बयान में कहा गया है कि 500 किमी का इलेक्ट्रिक हाइवे उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, और राजस्थान से गुजरेगा। इसके लिए 20 चार्जिंग स्टेशन और 10 इंफ़्रा डीपो बनाये जाने है। इस परीक्षण से प्राप्त तकनीकी आंकड़ों का इस्तेमाल सुविधाओं के विकास और सुदृढ़ीकरण में किया जाएगा।

बयान के अनुसार 30 दिनों तक चलने वाले इस परीक्षण से मार्ग की वास्तविक स्थिति में विद्युत वाहनों (ईवी) का प्रदर्शन, जाम और बारिश जैसी विकट परिस्थितियों में समय और रेंज को सुनिश्चित कर के महीने भर में अधिकतम रिले ट्रिप की संख्या भी निकाली जाएगी।

कोहली की विराट पारी के पाकिस्तानी खिलाड़ी भी हुए मुरीद

दुबई। एशिया कप के सुपर-4 मैच में विराट कोहली के 1020 दिनों के बाद शतक बनाने पर न सिर्फ भारतीय प्रशंसकों ने, बल्कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने भी उनके फॉर्म में लौटने की प्रशंसा की है।

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली और मोहम्मद आमिर ने ट्विटर पर कोहली को टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहले और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 71वें शतक के लिए बधाई दी है। हसन ने ट्वीट किया,महान क्रिकेटर विराट कोहली फिर से लौट आये हैं।आमिर ने बधाई देते हुए कहा, आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। किंग कोहली का शानदार शतक।

1020 दिन के अंतराल के बाद आये इस शतक से पहले कोहली खराब फॉर्म से जूझ रहे थे और और कुछ क्रिकेट विशेषज्ञों ने भारत की टी20 टीम में उनकी जगह पर सवाल उठाने शुरू कर दिये थे। वर्ष 1983 के विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने यहां तक कहा कि अगर रविचंद्रन अश्विन जैसा गेंदबाज टीम से बाहर हो सकता है, तो कोहली को भी उनके खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर कर दिया जाना चाहिए।पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर एवं बल्लेबाज कामरान अकमल ने ट्वीट किया, फॉर्म अस्थायी है, क्लास स्थायी है। कोहली को खेलते हुए देखना हमेशा अच्छा लगता है। आप लाजवाब हैं, आप क्रिकेट के असली बादशाह हैं।

पाकिस्तान के हरफनमौला इमाद वसीम ने कोहली को विश्व का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बताते हुए कहा, विश्व का सबसे अच्छा खिलाड़ी फिर से रंगत में लौट आया है, विराट कोहली सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ हैं। कोहली ने गुरुवार को अपने पहले टी20 शतक का श्रेय पत्नी अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका को दिया। कोहली का यह शतक खास था क्योंकि यह तीन साल के अंतराल के बाद उनके बल्ले से निकला। कोहली ने 6 गेंदों पर 122 रन की पारी में 12 चौके और छह छक्के लगाये, जिसकी बदौलत भारत ने अफगानिस्तान के लिए 213 रनों का विशाल लक्ष्य दिया और 101 से मैच जीता। भुवनेश्वर कुमार ने भी पिछले दो मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद इस मैच में चार रन के बदले पांच विकेट लेकर अफगानिस्तान को पीछे धकेल दिया।

माइकल और निर्मल की शानदार तिकड़ी, रेंजर्स और गढ़वाल जीते

नई दिल्ली। रेंजर्स फुटबाल क्लब ने तीन गोलों से पिछड़ने के बाद लकी माइकल की शानदार तिकड़ी की मदद से तरुण संघा को 4-3 से हरा कर प्रीमियर लीग में न सिर्फ पूरे अंक पाए बल्कि खूब वाह-वाह भी लूटी।

तरुण संघा ने मैच में बड़ी बढ़त बनाने के बाद जैसे आत्महत्या की। गोलकीपर तनमोय ने कई गलत अनुमान लगाए जो उनकी टीम पर भारी पड़ा। आशीष के दो और श्याम के एक गोल पर रेंजर्स के स्टार स्ट्राइकर नाइजीरियन माइकल लकी की बेहतरीन तिकड़ी भारी पड़ी, जबकि एक गोल अमित ने किया।

दिन के दूसरे मुक़ाबले में गढ़वाल एफसी ने निर्मल सिंह बिष्ट की उत्कृष्ट तिकड़ी से भारतीय वायुसेना को फुटबॉल का पाठ पढ़ाया।

वायुसेना और गढ़वाल के बीच पुनर्निर्धारित मुकाबले में विजेता टीम हावी रही। वायुसैनिक मैदान में बस सैर सपाटा करते नजर आए। निर्मल के तीन गोलों ने पराजित टीम को उबरने का मौका नहीं दिया। सात मैच हारकर वायुसेना नॉकआउट मैचों की दौड़ से पूरी तरह बाहर हो गई है, जबकि गढ़वाल ने 26 अंकों से वापसी की उम्मीद जगाई है।

अनुष्का शर्मा ने चकदा एक्सप्रेस की एक झलक साझा की

बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने चकदा एक्सप्रेस की एक झलक दिखाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया, जो महिला क्रिकेट की सर्वकालिक महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के जीवन और समय से प्रेरित है।

तस्वीर में अनुष्का झूलन की जिंदगी के एक पल को रिक्रिएट करती नजर आ रही हैं। झूलन के रूप में एक विचारशील अनुष्का अपने आस-पास की हर चीज पर बारिश की बौछार करते हुए एक महत्वपूर्ण फोन कॉल करती हुई दिखाई देती है।

उसने इसे कैप्शन दिया, एक कहानी से एक क्षण जिसे बताने की जरूरत है!अनुष्का ने अपने करियर में हमेशा एक परफेक्शनिस्ट बनने का प्रयास किया है और वह चकड़ा एक्सप्रेस के लिए भी ऐसा ही कर रही हैं। नेटफ्लिक्स फिल्म, जो विश्व क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज महिला तेज गेंदबाजों में से एक की शानदार यात्रा का पता लगा रही है, यह दिखाएगी कि कैसे झूलन अपने एकमात्र सपने को पूरा करने के लिए अनगिनत बाधाओं के बावजूद सीढ़ी चढ़ती है, क्रिकेट खेलना।

झूलन ने भारतीय महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कप्तानी की और देश में महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों के लिए एक आदर्श हैं। 2018 में, उनके सम्मान में एक भारतीय डाक टिकट जारी किया गया था। वह एक अंतर्राष्ट्रीय करियर में एक महिला द्वारा लिए गए सबसे अधिक विकेट लेने का विश्व रिकॉर्ड रखती है।

तमन्ना भाटिया ने बबली बाउंसर रोल के लिए अपनी भाभी से ली प्रेरणा

तमन्ना भाटिया ने अपनी आगामी फिल्म बबली बाउंसर को लेकर खुलासा किया है कि, इस भूमिका के लिए उन्होंने अपनी भाभी से प्रेरणा ली है। द कपिल शर्मा शो पर होस्ट के साथ बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने अपने किरदार को लेकर बात की।

उन्होंने कहा, ज्यादातर लोग नहीं जानते कि मेरी भाभी हरियाणवी है। तो जब मैंने इस भूमिका को चुना तो मैंने सोचा था कि यह किरदार मजेदार होने वाला है। हमें ज्यादातर फिल्मों में एक चरित्र में आने के लिए कल्पना करना और बहुत शोध करना पड़ता है, लेकिन यहां मेरी प्रेरणा मेरी भाभी से आती है।

तमन्ना शो में सौरभ शुक्ला, सुप्रिया शुक्ला और निर्देशक मधुर भंडारकर सहित पूरी फिल्म कलाकारों के साथ दिखाई दे रही हैं।

आज का राशिफल

मेष : आज प्रभावशाली लोगों के साथ संबंधों को सही करने का अवसर मिलेगा। सामाजिक दायरा बढेगा। इस समय कार्यप्रणाली में कुछ बदलाव भी लाने की आवश्यकता है। जीवनसाथी का सहयोग कर पाओगे। स्वास्थ्य सुधार होगा।

वृष : आज स्थान परिवर्तन संबंधी कोई योजना कार्य रूप में परिणित होने की संभावना है। आपका संतुलित व्यवहार आपको शुभ और अशुभ प्रत्येक परिस्थितियों में सामंजस्य बनाकर रखने में मदद करेगा।

मिथुन : आज का समय अनुकूल है ।व्यवसायिक स्थितियां और भी बेहतर हो रही हैं। लेकिन अभी कहीं भी पैसा निवेश ना करें, क्योंकि धोखाधड़ी में फंसने की आशंका है। परंतु कार्यस्थल में उत्पादन क्षमता में कोई कमी नहीं आएगी।

कर्क : आज भावनाओं की बजाय चतुराई और विवेक से काम लेना परिस्थितियों को आपके पक्ष में करेगा तथा घर के बड़े बुजुर्गों का भी आशीर्वाद व सहयोग मिलेगा। बच्चे की किलकारी से संबंधित शुभ सूचना भी मिल सकती है।

सिंह : आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपकी व्यवसायिक परेशानी हल होगी। परंतु अपने ऑफिस या दुकान के स्टाफ पर कड़ी नजर रखें, उनकी मिलीभगत से कुछ नुकसान हो सकता है। आज कार्यक्षेत्र से जुड़े सभी फैसले स्वयं ही लें।

कन्या : आज आपके लिए बेहतरीन धनदायक परिस्थितियां बनी हुई हैं। पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी आर्थिक नीतियों पर काम करें। आज आप अपनी किसी नकारात्मक बात को छोड़ने का भी संकल्प करें।

तुला : आज भविष्य संबंधी किसी महत्वपूर्ण कार्य की रूपरेखा भी बनेगी। आय के मार्ग अभी मंद ही रहेंगे। परंतु वर्तमान गतिविधियों का शुभ परिणाम निकट भविष्य में जल्दी ही प्राप्त होगा।

वृश्चिक : आज आर्थिक योजनाओं को फलीभूत करने का उचित समय है। आज कोई भूमि खरीद-फरोख्त संबंधी काफी काम संपन्न हो सकते हैं। सामाजिक गतिविधियों के प्रति आपका योगदान आपको मानसिक सुकून प्रदान करेगा और मान-सम्मान भी बढ़ाएगा।

धनु : इस समय पार्टनरशिप संबंधी कार्यों में लाभदायक परिस्थितियां बन रही हैं। व्यापार को विस्तृत करने संबंधी योजनाएं भी बनेगी। सरकारी सेवारत लोगों के ऊपर अतिरिक्त कार्यभार रहेगा।

मकर : आज पिछली कुछ कमियों से सीखकर अपनी दिनचर्या में और बेहतर सुधार लाने की कोशिश करेंगे। जिसमें आप कामयाब भी रहेंगे। प्रतिष्ठित लोगों के साथ समय व्यतीत करना आप में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा।

कुंभ : आज व्यवसायिक गतिविधियां सामान्य रहेगी। परंतु इस समय अचानक ही कुछ खर्चों की स्थितियां सामने आएंगी। आर्थिक मामलों में पूरी सावधानी और सतर्कता बरतें।

मीन : आज धर्म और अध्यात्म के प्रति आस्था रहेगी। आपका प्रभावशाली तथा सकारात्मक व्यक्तित्व दूसरों के लिए उदाहरण बनेगा। यही स्वभाव आपके कार्य को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने में भी मदद करेगा।

केले की कचौड़ी

आलू, आलू-प्याज, मटर जैसी कई सब्जियों से अलग-अलग तरह की कचौड़ी तैयार की जा सकती है लेकिन क्या पहले कभी आपने केले की कचौड़ी खाई है? अगर नहीं तो यहां जानें इसकी रेसिपी।

सामग्री :

1 कप गेहूं का आटा, 1 अच्छी तरह पका हुआ केला, 2-3 टेबलस्पून दही, 2-3 टेबलस्पून चीनी, आधा टीस्पून जीरा, 1/4 टीस्पून बेकिंग सोडा, 1/4 टीस्पून काली मिर्च पाउडर, आवश्यकतानुसार तेल (कचौड़ी तलने के लिए), कटे बादाम (सजाने के लिए)

विधि :

केले को छीलकर एकदम बारीक मैश कर लें।

इसमें दही, चीनी, जीरा, बेकिंग सोडा और काली मिर्च अच्छी तरह मिक्स करें।

एक परात में आटा लें और उसमें बनाना मिक्स डालकर थोड़ा सख्त गूंथ लें।

आटे पर हल्का सा तेल लगाएं और 30 मिनट के लिए रख दें।

आटा फूलकर सेट हो जाएगा।

फिर कड़ाही में तेल गर्म करें। आटे से छोटी-छोटी लोइयां बना लें।

एक-एक करके लोई को चकले पर हाथ या बेलन से कचौड़ी की तरह मोटी बेलें और प्लेट में रखती जाएं।

जब 6-7 कचौड़ी बेल लें तो गर्म तेल में उन्हें दोनों ओर से सुनहरा होने तक तलें।

सारी कचौड़ियां इसी तरह तैयार करें।

कचौड़ियों को बादाम से सजाकर श्रीखंड के साथ सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 190

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 189 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

सू-दोकू- 190

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.189 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6